राष्ट्रीय युवा कौशल दिवस मनाया गया

इंदौर। राष्ट्रीय युवा कौशल दिवस के अवसर पर भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के अधीन संचालित राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (महिला) सुखलिया रोड़ नंदानगर इंदौर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण हुये।

कार्यक्रम में संस्थान के प्राचार्य एवं उपनिदेशक श्री डी.एल. मीना मुख्य अतिथि थे। मध्यप्रदेश और गुजरात क्षेत्र के कौशल विकास एवं उद्यमशीलता निदेशालय के क्षेत्रीय निदेशक श्री जे.पी. मीना भी उपस्थित थे। प्राचार्य डी.एल. मीना ने स्वागत भाषण देते हुए संस्थान की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की एवं बताया कि संस्थान ने लघु अवधि में हिन्दी राजभाषा मानदंडों को अपनाते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लिया है।

भारत सरकार के कौशल विकास क्षेत्रीय निदेशालय के क्षेत्रीय निदेशक श्री जे.पी.मीना ने प्रशिक्षनार्थियों को राष्ट्रीय कौशल विकास एवं उद्यमशीलता नीति की जानकारी दी।

इस दौरान सत्र के दौरान संविधान दिवस, महिला दिवस, जी-20 जनभागीदारी कार्यक्रम, विश्व योग दिवस, विश्व रक्तदान दिवस आदि के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता के प्रशिक्षनार्थियों को प्रमाण-पत्र व ट्राफी देकर पुरस्कृत किया गया। संचालन आनंद यादव ने किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं फैशन शो का आयोजन हुआ। सहायक निदेशक प्रशिक्षण सुश्री प्रगना एच.रावत ने आभार व्यक्त किया।